लोक निर्माण ब्यूरो

कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शिका

लोक निर्माण ब्यूरो न्यूयॉर्क राज्य श्रम कानून की धारा 8 और 9 के तहत प्रचलित वेतन के भुगतान को कवर करता है।

धारा 8 किसी सार्वजनिक एजेन्सी (निकाय) के लिए किए गए इन प्रोजेक्ट्स पर लागू होती है:

- भवन निर्माण
- पुनर्निर्माण

धारा 9 किसी सार्वजनिक एजेन्सी (निकाय) के लिए सालाना $1,500 से अधिक के बिल्डिंग सर्विस अनुबंधों पर लागू होती है, जैसे कि:

- जेनिटोरियल कर्मी और सुरक्षा गार्ड
- किसी इमारत से या में ऑफिस फर्नीचर या उपकरण हटाना
- किसी इमारत को जीवाश्म ईंधन डिलीवर करना

घंटे

किसी ठेकेदार या उपठेकेदार के लिए किसी भी धारा 8 के सार्वजनिक कार्य प्रोजेक्ट में काम करने वाला कोई श्रमजीवी असाधारण आपात स्थिति को छोड़ कर ओवरटाइम काम नहीं कर सकता है।

ठेकेदार और ठेका देने वाली एजेन्सी (जिसका न्यायक्षेत्र लागू होता है वह विभाग) लोक निर्माण ब्यूरो से कर्मियों को किसी प्रोजेक्ट पर अतिरिक्त घंटे या दिन काम करने की अनुमति देने को कह सकते हैं। दिन में आठ घंटे या सप्ताह में पाँच दिनों से ज्यादा किया गया कोई भी काम ओवरटाइम है। हरक व्यवसाय या पेशे के लिए विशेष ओवरटाइम नियम अलग-अलग हो सकते हैं। आप ओवरटाइम से जुड नियम सार्वजनिक कार्य प्रोजेक्ट्स के प्रचलित दर शिड्यूल में पा सकते हैं।

20 मिनट या उससे कम की आराम की अवधि काम करने के समय में गिनी जाती है। आराम की अवधियों में कॉफी ब्रेक और नाश्ते के लिए वक्त शामिल है, लेकिन भोजन के लिए ब्रेक नहीं।

वेतन और पूरक

कामगारों को चुकाया जाने वाला वेतन और पूरक कार्यस्थल के लिए सब से नये प्रचलित दर शिड्यूल के अनुपालन में होना चाहिए। वार्षिक निर्धारण श्रम विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है: **www.labor.ny.gov**। श्रम विभाग विभिन्न तरह के कामों के लिए आधार रूप वेतन दर की सूची वाले शिड्यूल पोस्ट करता है। शिड्यूल को सभी सार्वजनिक कार्य जॉब साइटों पर पोस्ट किया जाना अनिवार्य है।

कानूनन यह आवश्यक है कि ठेकेदार और उपठेकेदार सभी कामगारों उनके विशेष कार्य वर्गीकरण के लिए प्रचलित वेतन दर हरक पे स्टब पर लिख कर दें। अगर आवश्यक जानकारी पेस्टब पर नहीं फिट हो पाएगी, तो साथ में एक कागज़ या संलग्नक इस्तेमाल किया जा सकता है।

साधनों के साथ काम करने वाले सुपरवाइज़रों को किये जा रहे काम की प्रचलित दर से भुगतान किया जाना चाहिए। जब केवल कामगारों की देखरख कर रहे हों, तब सुपरवाइज़र या फोरमेन धारा 8 या 9 के तहत प्रचलित दर आवश्यकता में कवर नहीं होते हैं।

एप्रेन्टिस

कामगारों को केवल तभी एप्रेन्टिस दर चुकाई जा सकती हैं जब वे न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग के साथ पंजीकृत किसी प्रोग्राम का हिस्सा हों। किसी भी प्रकार की कारीगरी में एप्रेन्टिस से जर्नीवर्करों की संख्या राज्यव्यापी भवन निर्माण व्यसाय की संख्या के बराबर होनी चाहिए, जैसा कि श्रम विभाग ने बताया है।

कर्मचारियों की शिकायतें

कोई भी कर्मचारी किसी सार्वजनिक कार्य प्रोजेक्ट के लिए किए गए किसी भी काम के लिए संदिग्ध कम भुगतान की शिकायत योग्य डिस्ट्रिक्ट कार्यालय से संपर्क करके कर सकता है। शिकायत घटना के दो सालों के भीतर दर्ज करायी जानी चाहिए। जाँच करने वालों को शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

आप डिस्ट्रिक्ट कार्यालय से शिकायत फॉर्म की माँग कर सकते हैं या फिर फाइल को श्रम विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं: www.labor.ny.gov।

OSHA 10-घंटे का पाठ्यक्रम

कम से कम $250,000 के सार्वजनिक कार्य प्रोजेक्ट्स पर काम करने वाले सभी कामगारों के लिए यह भवन निर्माण सुरक्षा पाठ्यक्रम पूरा किया होना अनिवार्य है।

एक बार किसी व्यक्ति ने पाठ्यक्रम पूरा कर लिया हो और उनके पास अपना पाठ्यक्रम कार्ड हो, तो न्यूयॉर्क राज्य में इस रिन्यु कराना आवश्यक नहीं है! कृपया नोट करें कि न्यूयॉर्क राज्य कॉम्प्ट्रोलर की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं।

लोक निर्माण ब्यूरो जिला कार्यालय

मध्यस्थ कार्यालय

Bureau of Public Work
State Office Campus
Building 12, Room 130
Albany, NY 12226
टेलीफोन **518-457-5589**

अल्बानी

State Office Campus
Building 12, Room 134B
Albany, NY 12226
टेलीफोन **518-457-2744**

बिंघमटन

State Office Building
44 Hawley Street, Room 908
Binghamton, NY 13901
टेलीफोन **607-721-8005**

बफ़ैलो

State Office Building
284 Main Street
Buffalo, NY 14202
टेलीफोन **716-847-7159**

गार्डन सिटी

400 Oak Street, Suite 102
Garden City, NY 11530-6551
टेलीफोन **516-228-3915**

न्यूबर्ग

The Maple Building
3 Washington Center, 4th Fl
Newburgh, NY 12550
टेलीफोन **845-568-5287**

न्यूयॉर्क सिटी

Adam Clayton Powell Jr.
State Office Building
163 W 125th Street, Room 1307
New York, NY 10027
टेलीफोन **212-932-2419**

पैचोग

160 S Ocean Avenue, 2nd Fl
Patchogue, NY 11772
टेलीफोन **631-687-4882**

रोचेस्टर

109 S Union Street, Room 312
Rochester, NY 14607
टेलीफोन **585-258-4505**

सिराक्यूज़

333 E Washington Street
Room 419
Syracuse, NY 13202
टेलीफोन **315-428-4056**
फैक्स **315-428-4671**

यूटिका

State Office Building
207 Genesee Street, Room 603B
Utica, NY 13501
टेलीफोन **315-793-2314**

व्हाइट प्लेंस

120 Bloomingdale Road
Room 204
White Plains, NY 10605
टेलीफोन **914-997-9507**

न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग समान अवसर देने वाला एक नियोक्ता/कार्यक्रम है।
TTY/TDD 711 या 1-800-662-1220 (अंग्रेज़ी) / 1-877-662-4886 पर कॉल करने पर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायक सहायता और सेवाएं अनुरोध करने पर मुफ़्त में उपलब्ध हैं।

P897 H (11/23)